राजस्थान सरकार
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग
(पंचायती राज विभाग)

एफ.15(1)पुनर्गठन/विधि/पंरावि/2014/ 1477 जयपुर, दिनांकः– 5-11-2014

::अधिसूचना::

विभागीय अधिसूचना संख्या एफ.15(1)पुनर्गठन/विधि/पंरावि/2014/510 दिनांक 02.06.2014 के द्वारा राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994(1994 का अधिनियम संख्या 13) की धारा–98 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए धारा–9, 10 एवं 101 में वर्णित शक्तियों को राज्य सरकार द्वारा संबंधित जिले के जिला कलेक्टर को ग्राम पंचायत एवं पंचायत समिति के पुनर्गठन/पुनर्सीमांकन/नवसृजन किये जाने हेतु उपयोग कर प्रस्ताव तैयार करने, सार्वजनिक अवलोकन के लिये प्रसारित करने, एक माह की अवधि में आपत्तियां आमंत्रण करने एवं उन पर सुनवाई करने के कार्य हेतु अधिकृत किया गया था।

जिला कलेक्टर्स द्वारा उपर्युक्त कार्यवाई किये जाने के पश्चात् उनके द्वारा तैयार किये गये प्रस्तावों एवं की गई अभिशंषाओं का परीक्षण कर, प्रस्तावों को संबंधित संभागीय आयुक्त द्वारा राज्य सरकार से अनुमोदन करवाये जाने के पश्चात पाली जिले की निम्नलिखित ग्राम पंचायतों का पुनर्गठन/पुनर्सीमांकन/नवसृजन किया जा चुका है और कि :–

1. पाली जिले की निम्नलिखित पुनर्गठित/पुनर्सीमांकित/नवसृजित ग्राम पंचायतें उस नाम से जानी जायेंगी जो कि नीचे वर्णित अनुसूची के स्तम्भ संख्या 4 में वर्णित है;
2. वह स्थानीय क्षेत्र जिस पर इस प्रकार पुनर्गठित/पुनर्सीमांकित/नवसृजित और अनुसूची के स्तम्भ 4 में यथा नामित पंचायते अधिकारिता का प्रयोग करेगी, ऐसा होगा जैसा कि स्तम्भ 5 वर्णित हैं;
3. अनुसूची के स्तम्भ संख्या 4 में यथावर्णित पंचायतों के चुनाव छः माह में पूर्ण करवाने के आदेश दिये जाते हैं;
4. और यथोक्त आदेश से चुनाव के पश्चात् उक्त जिले की विद्यमान वे पंचायते जो अनुसूची के स्तम्भ 2 में वर्णित है उस तारीख से ही विद्यमान नहीं रहेगी और कार्य करना बन्द कर देगी जिससे अनुसूची के स्तम्भ 4 में वर्णित पंचायतो का कार्यकाल प्रारम्भ होगा।

पंचायत समिति– मारवाड़ जंक्शन

क्र.स.	वर्तमान ग्रा0प0 का नाम	वर्तमान ग्रा0प0 में सम्मिलित ग्रामों का नाम	पुनर्गठित/ पुनर्सीमांकित /नवसृजित ग्रा0प0 का नाम	पुनर्गठित/ पुनर्सीमांकित / नवसृजित ग्रा0प0 में सम्मिलित ग्रामों का नाम
1	2	3	4	5
1	भगोड़ा	1. भगोड़ा 2. बासेर 3. ढेलपुरा 4. गुडा भोपा 5. गुडा भोपत 6. हलावत 7. कारवाड़ा 8. खेड़ा कल्याणपुरा 9. जोड़किया 10. सिगाल 11. सोढ़ा की ढाणी 12. चतरा गुडा	भगोड़ा	1. भगोड़ा 2. गुडा भोपा 3. गुडा भोपत 4. कारवाड़ा 5. चतरा गुडा 6. रामपुरा 7. राम बाग 8. खाखरो का ओड़ा
2	जोजावर	1. जोजावर 2. गोलकी 3. राणानाड़ी 4. रामपुरा 5. राम बाग 6. खाखरो का ओढ़ा 7. तेजा का गुडा 8. गुगलिया	जोजावर	1. जोजावर
3	–	–	बासेर	1. बासेर 2. जोड़किया 3. खेड़ा कल्याणपुरा 4. हलावत 5. ढेलपुरा 6. सोढ़ों की ढाणी 7. सीगाल 8. गोलकी 9. राणानाड़ी 10. तेजा का गुडा 11. गुगलिया

राज्यपाल की आज्ञा से,

(राजेश यादव)
शासन सचिव एवं आयुक्त

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–
1. प्रमुख शासन सचिव, महामहिम राज्यपाल महोदय राजस्थान।
2. शासन सचिव, मुख्यमंत्री महोदया राजस्थान सरकार जयपुर।
3. निजी सचिव, मुख्य सचिव/अति0 मुख्य सचिव राजस्थान जयपुर।
4. निजी सचिव, मुख्य सचिव/अति0 मुख्य सचिव राजस्थान जयपुर।
5. समस्त प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव/विशिष्ठ शासन सचिव राज0 जयपुर।
6. समस्त संभागीय आयुक्त राजस्थान।
7. सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान।
8. समस्त जिला कलेक्टर।
9. अधीक्षक, राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय जयपुर को प्रकाशनार्थ।
10. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद– समस्त।
11. रक्षित पत्रावली।

उप शासन सचिव(विधि)